**<u>निदेशक, सूडा की अध्यक्षता में दिनांक 07.06.2022 को मध्यान्ह 12.00 बजे प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी), डे–एन0यू0एल0एम0 एवं पी0एम0 स्वनिधि योजनान्तर्गत प्रगति के सम्बन्ध में वीडियो कॉन्फ्रेसिंग के माध्यम से जनपदों के परियोजना अधिकारी, सी0एल0टी0सी0 एवं सी0एम0एम0 के साथ आयोजित बैठक का कार्यवृत्त।</u>**

<u>उपस्थितिः–</u>

1. सहायक निदेशक, सूडा, लखनऊ।
2. कार्यक्रम अधिकारी, सूडा, लखनऊ।
3. श्री ओ0के0 सिंह, एस0एम0एम0, एन0यू0एल0एम0, सूडा।
4. श्रीमती सिमी औमेर, एस0एम0एम0, एन0यू0एल0एम0, सूडा।
5. मौ0 तैय्यब, एस0एम0एम0, एन0यू0एल0एम0, सूडा।
6. डा0 कमल कुमार सिंह, एस0एम0एम0, एन0यू0एल0एम0, सूडा।
7. श्री अमित कुमार गुप्ता, एस0एम0एम0, एन0यू0एल0एम0, सूडा।
8. विवेक श्रीवास्तव, एमआईएस स्पेशलिस्ट, एन0यू0एल0एम0, सूडा।
9. विनोद कुमार कनौजिया, एमआईएस स्पेशलिस्ट, एस0एल0टी0सी, सूडा।
10. मनीष श्रीवास्तव, हाऊसिंग फाईनेन्स पॉलिसी स्पेशलिस्ट, एस0एल0टी0सी, सूडा।
11. विनय सिंह, म्यूनिसिपल इंजीनियर, एस0एल0टी0सी, सूडा।
12. संतोष विश्वकर्मा, एमआईएस स्पेशलिस्ट, एस0एल0टी0सी, सूडा।
14. असजद अलवी, अरबन इन्फ्रास्ट्रक्चर स्पेशलिस्ट, एस0एल0टी0सी, सूडा।
15 रविश सिंह, जी0आई0एस0 स्पेशलिस्ट, एस0एल0टी0सी, सूडा।
16. मानस द्विवेदी, एमआईएस स्पेशलिस्ट, सूडा।

सर्वप्रथम बीएलसी घटक के अन्तर्गत स्वीकृत परियोजनाओं में 100 दिवस लक्ष्य के सापेक्ष लम्बित करटेलमेन्ट डीपीआर, लम्बित लिन्टल लेवल, रूफ लेवल जिओ टैग, प्रथम लेवल जिओ टैग के सापेक्ष लम्बित प्रथम किश्त तथा एचएफए एचीव सिटीज की निम्नानुसार समीक्षा की गयीः–

1. <u>औरैयाः</u>–विगत बैठक में लम्बित 39 करटेलमेन्ट डीपीआर में से अधिशासी अधिकारी से हस्ताक्षरित 10 डीपीआर उपलब्ध कराने के निर्देश दिये गये थे, परन्तु अभी तक कोई डीपीआर उपलब्ध नहीं करायी गयी। निर्देश दिये गये कि सम्बन्धित एसएलटीसी द्वारा जनपद औरैया की प्रगति रिपोर्ट प्रतिदिन उपलब्ध करायी जाये, जिससे रोज मॉनिटरिंग की जा सके। 31 मार्च, 2022 तक अवमुक्त द्वितीय किश्त के सापेक्ष लम्बित 308 लिन्टल लेवल जिओ टैग भी 05 दिवस में पूर्ण कराने हेतु निर्देशित किया गया। प्रथम लेवल जिओ टैग के सापेक्ष लम्बित 2173 प्रथम किश्त का भुगतान पात्र लाभार्थियों को एक सप्ताह में कराने के निर्देश दिये गये।

2. <u>बिजनौरः</u>–लम्बित 22 करटेलमेन्ट डीपीआर के सम्बन्ध में अवगत कराया गया कि 11 डीपीआर जिलाधिकारी द्वारा हस्ताक्षर कर दी गयी है, 03 डीपीआर संस्था द्वारा तैयार की जा रही है तथा शेष डीपीआर जांच की प्रक्रिया में है। यह भी अवगत कराया गया कि संस्था द्वारा डीपीआर में बार–बार श्रेणी गलत लिखकर भेजा जा रहा था, जिस कारण डीपीआर संशोधन हेतु 2–3 बार संस्था को वापिस की गयी, इस कारण डीपीआर प्रेषित करने में विलम्ब हुआ। निर्देश दिये गये कि संस्था द्वारा बार–बार की जा रही गलती के सम्बन्ध में पत्र प्रेषित किया जाये तथा अवशेष 11 डीपीआर भी एक सप्ताह में उपलब्ध करा दी जाये। 31 मार्च, 2022 तक अवमुक्त द्वितीय किश्त के सापेक्ष लम्बित 488 लिन्टल लेवल जिओ टैग भी 05 दिवस में पूर्ण कराने हेतु निर्देशित किया गया। इसी प्रकार लम्बित 996 रूफ लेवल जिओ टैग एक

क्रमशः.......2 पर

सप्ताह में पूर्ण कराने के निर्देश दिये गये। प्रथम लेवल जिओ टैग के सापेक्ष लम्बित 2914 प्रथम किश्त का भुगतान पात्र लाभार्थियों को एक सप्ताह में कराने के निर्देश दिये गये।

3. बदायूँ:—लम्बित 20 करटेलमेन्ट डीपीआर के सम्बन्ध में अवगत कराया गया कि 18 डीपीआर की जिलाधिकारी द्वारा जाँच करायी जा रही है तथा 02 डीपीआर 03 दिवस में हस्ताक्षर करा दी जायेगी। निर्देश दिये गये कि यदि एक सप्ताह में सभी करटेलमेन्ट डीपीआर प्रेषित नहीं की जाती, तो परियोजना अधिकारी का वेतन रोक दिया जाये। 31 मार्च, 2022 तक अवमुक्त द्वितीय किश्त के सापेक्ष लम्बित 630 लिन्टल लेवल जिओ टैग भी 05 दिवस में पूर्ण कराने हेतु निर्देशित किया गया। इसी प्रकार लम्बित 801 रूफ लेवल जिओ टैग एक सप्ताह में पूर्ण कराने के निर्देश दिये गये। प्रथम लेवल जिओ टैग के सापेक्ष लम्बित 693 प्रथम किश्त का भुगतान पात्र लाभार्थियों को एक सप्ताह में कराने के निर्देश दिये गये।

4. गाजीपुरः—लम्बित 16 करटेलमेन्ट डीपीआर के सम्बन्ध में अवगत कराया गया कि 06 डीपीआर जिलाधिकारी से हस्ताक्षरित हो गयी है, जिन्हें भेजा जा रहा है। 03 डीपीआर जिलाधिकारी के पास हस्ताक्षर हेतु प्रेषित कर दी गयी है तथा अवशेष 07 डीपीआर शीघ्र ही प्रेषित कर दी जायेगी। निर्देश दिये गये कि एक सप्ताह में अवशेष करटेलमेन्ट डीपीआर प्रेषित कर दी जाये। 31 मार्च, 2022 तक अवमुक्त द्वितीय किश्त के सापेक्ष लम्बित 453 रूफ लेवल जिओ टैग एक सप्ताह में पूर्ण कराने के निर्देश दिये गये। प्रथम लेवल जिओ टैग के सापेक्ष लम्बित 2008 प्रथम किश्त का भुगतान पात्र लाभार्थियों को एक सप्ताह में कराने के निर्देश दिये गये।

5. अलीगढ़:—लम्बित 12 करटेलमेन्ट डीपीआर के सम्बन्ध में अवगत कराया गया कि 08 डीपीआर सूडा प्रेषित कर दी गयी हैं, 02 डीपीआर संस्था द्वारा तैयार की जा रही है तथा 02 डीपीआर डूडा स्तर पर लम्बित हैं। निर्देश दिये गये कि एक सप्ताह में अवशेष करटेलमेन्ट डीपीआर प्रेषित कर दी जाये। 31 मार्च, 2022 तक अवमुक्त द्वितीय किश्त के सापेक्ष लम्बित 698 रूफ लेवल जिओ टैग एक सप्ताह में पूर्ण कराने के निर्देश दिये गये। प्रथम लेवल जिओ टैग के सापेक्ष लम्बित 1258 प्रथम किश्त का भुगतान पात्र लाभार्थियों को एक सप्ताह में कराने के निर्देश दिये गये।

6. कानपुर देहात:—लम्बित 12 करटेलमेन्ट डीपीआर के सम्बन्ध में अवगत कराया गया कि 01 डीपीआर जिलाधिकारी को प्रस्तुत कर दी गयी हैं। 06 करटेलमेन्ट संस्था द्वारा तैयार किये जा रहे हैं तथा 05 डीपीआर जांच में है। निर्देश दिये गये कि एक सप्ताह में सभी करटेलमेन्ट डीपीआर प्रेषित कर दी जाये। यह भी अवगत कराया गया कि 974 जिओ टैग डिलिट किये जाने हैं। निर्देश दिये गये कि जिओ टैग डिलीट किये जाने हेतु पत्र प्रेषित किया जाये। प्रथम लेवल जिओ टैग के सापेक्ष लम्बित 3923 प्रथम किश्त के सम्बन्ध में अवगत कराया गया कि 493 का अनुमोदन प्रक्रिया में है तथा 500 की पत्रावली तैयार हो रही है। समस्त पात्र लाभार्थियों को एक सप्ताह में प्रथम किश्त का भुगतान कराने के निर्देश दिये गये।

7. बरेली:—लम्बित 10 करटेलमेन्ट डीपीआर के सम्बन्ध में अवगत कराया गया कि 02 डीपीआर जिलाधिकारी से हस्ताक्षरित हो गयी है, 01 डीपीआर परियोजना निदेशक से हस्ताक्षरित है तथा अवशेष 07 डीपीआर नगर निगम की हैं, जिनकी आपत्ति प्राप्त हुई थी, जिसका निस्तारण कराया जा रहा है। निर्देश दिये गये कि एक सप्ताह में आपत्तियों का निस्तारण कराते हुए करटेलमेन्ट डीपीआर प्रेषित कर दी जाये।

31 मार्च, 2022 तक अवमुक्त द्वितीय किश्त के सापेक्ष लम्बित 967 रूफ लेवल जिओ टैग एक सप्ताह में पूर्ण कराने के निर्देश दिये गये। प्रथम लेवल जिओ टैग के सापेक्ष लम्बित 5166 प्रथम किश्त के सम्बन्ध में अवगत कराया गया कि 1154 की केवाईसी नहीं हो रही है, 1494 की पत्रावली तैयार है तथा 1229

क्रमशः......3 पर

की पत्रावली संस्था द्वारा उपलब्ध नहीं करायी गयी है। निर्देश दिये गये जिन पात्र लाभार्थियों की पत्रावलियां तैयार है, उन्हें तत्काल भुगतान कराने के निर्देश दिये गये।

8. <u>मिर्जापुरः</u>–31 मार्च, 2022 तक अवमुक्त द्वितीय किश्त के सापेक्ष लम्बित 1850 लिन्टल लेवल जिओ टैग के सम्बन्ध में अवगत कराया गया कि 01 जे0ई0 एवं 02 सर्वेयर की एक्सीडेंट हो गया था तथा 11 जून, 2022 को मंत्रिमंडल का दौरा लग गया है, जिससे सभी कर्मियों को उसमें लगा दिया गया है, इस कारण कार्य बाधित रहा।

कार्यक्रम अधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि 01 सप्ताह में 83 जिओ टैग हुआ है, जबकि प्रतिदिन लगभग 200 जिओ टैग किया जाना है, जबकि वर्तमान में 14 कर्मी कार्यरत हैं। निर्देश दिये गये कि कन्सलटेन्ट से बात कर कर्मियों की संख्या बढ़ायी जाये। 14 कर्मियों द्वारा एक सप्ताह में मात्र 83 जिओ टैग किया गया है, जबकि दिनांक 01.06.2022 की वीसी में प्रगति बढ़ाने हेतु आश्वासन दिया गया है, जिस पर असंतोष व्यक्त किया गया। निर्देश दिये गये कि प्रतिदिन 200 जिओ टैग कराये जाये तथा इनकी प्रतिदिन मॉनिटरिंग की जाये। इसी प्रकार लम्बित 3181 रूफ लेवल जिओ टैग भी प्रतिदिन लक्ष्य निर्धारित कर एक सप्ताह में पूर्ण कराने के निर्देश दिये गये। प्रथम लेवल जिओ टैग के सापेक्ष लम्बित 2078 प्रथम किश्त का भुगतान पात्र लाभार्थियों को एक सप्ताह में कराने के निर्देश दिये गये।

9. <u>भदोहीः</u>–31 मार्च, 2022 तक अवमुक्त द्वितीय किश्त के सापेक्ष लम्बित 1350 लिन्टल लेवल जिओ टैग के सम्बन्ध में अवगत कराया गया कि पूर्व बैठक में दिये गये निर्देशों के क्रम में कर्मियों से आधे समय पीएम स्वनिधि तथा आधे समय पी0एम0ए0वाई0 का कार्य कराया जा रहा है। कार्यक्रम अधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि एक सप्ताह में मात्र 166 जिओ टैग हुए हैं। निर्देश दिये गये कि न ही पीएम स्वनिधि में कार्य हो रहा है तथा न ही पी0एम0ए0वाई0 में कार्य हो रहा है। जनपद भदोही की प्रगति प्रतिदिन उपलब्ध कराने के निर्देश दिये गये। यह भी निर्देश दिये गये कि प्रतिदिन 200 जिओ टैग कराये जाये तथा इनकी प्रतिदिन मॉनिटरिंग की जाये। इसी प्रकार लम्बित 1927 रूफ लेवल जिओ टैग भी प्रतिदिन लक्ष्य निर्धारित कर एक सप्ताह में पूर्ण कराने के निर्देश दिये गये। प्रथम लेवल जिओ टैग के सापेक्ष लम्बित 1041 प्रथम किश्त का भुगतान पात्र लाभार्थियों को एक सप्ताह में कराने के निर्देश दिये गये।

10. <u>फिरोजाबादः</u>–31 मार्च, 2022 तक अवमुक्त द्वितीय किश्त के सापेक्ष लम्बित 1332 लिन्टल लेवल जिओ टैग के सम्बन्ध में अवगत कराया गया कि 435 जिओ टैग मॉडरेशन में है। अधिकतर सर्वेयरों से ऑफिस का कार्य कराया जा रहा है, जिस कारण जिओ टैग कम हुआ। निर्देश दिये गये कि आधे कर्मियों से जिओ टैग करायें तथा आधे कर्मियों से ऑफिस कार्य करायें। प्रत्येक सर्वेयर द्वारा 15–20 जिओ टैग प्रतिदिन करना चाहिए तथा प्रतिदिन कुल लगभग 400–500 जिओ टैग होने चाहिए, तभी लक्ष्य पूर्ण किया जा सकता है। जिओ टैग की प्रतिदिन मॉनिटरिंग की जाये। लम्बित 4575 रूफ लेवल जिओ टैग के सम्बन्ध में अवगत कराया गया कि लगभग 3000 लाभार्थियों के आवासों पर शटरिंग लगी हुई है। निर्देश दिये गये कि आगे से थोड़ी शटरिंग हटाकर जिओ टैग करा दें। 10 दिवस में सभी लम्बित रूफ लेवल जिओ टैग पूर्ण करायें।

प्रथम लेवल जिओ टैग के सापेक्ष लम्बित 4480 प्रथम किश्त के सम्बन्ध में अवगत कराया गया कि अप्रैल से अब तक 8956 का अनुमोदन लिया गया था, जिसमें से 1905 का पीपीए जनरेट नहीं हो पाया क्योंकि आधार इन–एक्टिव आ रहा है। एम0आई0एस0 कार्यरत न होने से परेशानी हो रही है। निर्देश दिये गये कि जिन लाभार्थियों का आधार इन–एक्टिव आ रहा है, उनका जिओ टैग जिस सर्वेयर द्वारा किया गया है, उसी सर्वेयर द्वारा आधार सही कराया जाये।

क्रमशः......4 पर

11. कुशीनगरः—31 मार्च, 2022 तक अवमुक्त द्वितीय किश्त के सापेक्ष लम्बित 295 लिन्टल लेवल जिओ टैग के सम्बन्ध में अवगत कराया गया कि 06 दिन में 306 जिओ टैग हुए हैं। 03 सप्ताह में सभी जिओ टैग करा दिये जायेगें। निर्देश दिये गये कि सभी लम्बित जिओ टैग 02 सप्ताह में पूर्ण करायें। प्रतिदिन के हिसाब से जिओ टैग करायें तथा मॉनिटरिंग करें कि जिओ टैग हुआ या नहीं। इसी प्रकार लम्बित 2872 रूफ लेवल जिओ टैग भी प्रतिदिन लक्ष्य निर्धारित कर 10 दिवस में पूर्ण कराने के निर्देश दिये गये। प्रथम लेवल जिओ टैग के सापेक्ष लम्बित 1184 प्रथम किश्त का भुगतान पात्र लाभार्थियों को 07 दिवस में कराने के निर्देश दिये गये।

12. जौनपुरः—31 मार्च, 2022 तक अवमुक्त द्वितीय किश्त के सापेक्ष लम्बित 2317 रूफ लेवल जिओ टैग के सम्बन्ध में सीएलटीसी इंजीनियर द्वारा कोई संतोषजनक उत्तर नहीं दिया गया। कार्यक्रम अधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि विगत सप्ताह मात्र 112 ही जिओ टैग किया गया है, जबकि 26 कर्मी कार्य कर रहे हैं। कौन–सा आवास किस स्टेज पर है, इस सम्बन्ध में सीएलटीसी इंजीनियर को कोई जानकारी नहीं थी। परियोजना अधिकारी बैठक में उपस्थित नहीं थे। निर्देश दिये गये कि परियोजना अधिकारी एवं सीएलटीसी इंजीनियर को कारण बताओ नोटिस जारी किया जाये। एक सप्ताह पश्चात् जनपद की प्रगति उपलब्ध करायें, जिससे यह देखा जा सके कि सीएलटीसी इंजीनियर द्वारा कितनी प्रगति की गयी? लम्बित 993 लिन्टल लेवल जिओ टैग भी एक सप्ताह में पूर्ण कराने के निर्देश दिये गये। प्रथम लेवल जिओ टैग के सापेक्ष लम्बित 1184 प्रथम किश्त का भुगतान पात्र लाभार्थियों को 05 दिवस में कराने के निर्देश दिये गये।

13. देवरियाः—31 मार्च, 2022 तक अवमुक्त द्वितीय किश्त के सापेक्ष लम्बित 393 लिन्टल लेवल एवं 2254 रूफ लेवल जिओ टैग एक सप्ताह में कराने के निर्देश दिये गये। प्रथम लेवल जिओ टैग के सापेक्ष लम्बित 436 प्रथम किश्त का भुगतान पात्र लाभार्थियों को 02 दिवस में कराने के निर्देश दिये गये।

14. मथुराः—31 मार्च, 2022 तक अवमुक्त द्वितीय किश्त के सापेक्ष लम्बित 984 लिन्टल लेवल एवं 2153 रूफ लेवल जिओ टैग के सम्बन्ध में अवगत कराया गया कि 200–250 जिओ टैग प्रतिदिन कराया जा रहा है। सभी लम्बित जिओ टैग एक सप्ताह में कराने के निर्देश दिये गये। प्रथम लेवल जिओ टैग के सापेक्ष लम्बित 6128 प्रथम किश्त के सम्बन्ध में अवगत कराया गया कि 3000 की जांच पूर्ण हो गयी हैं, जिसका भुगतान 3–4 दिवस में करा दिया जायेगा। निर्देश दिये गये कि अवशेष की भी जांच पूर्ण कराते हुए पात्र लाभार्थियों को भुगतान करा दिया जाये।

15. आगराः—31 मार्च, 2022 तक अवमुक्त द्वितीय किश्त के सापेक्ष लम्बित 357 लिन्टल लेवल एवं 1915 रूफ लेवल जिओ टैग एक सप्ताह में कराने के निर्देश दिये गये। प्रथम लेवल जिओ टैग के सापेक्ष लम्बित 1606 प्रथम किश्त का भुगतान पात्र लाभार्थियों को 07 दिवस में कराने के निर्देश दिये गये।

16. झांसीः—31 मार्च, 2022 तक अवमुक्त द्वितीय किश्त के सापेक्ष लम्बित 1864 रूफ लेवल जिओ टैग के सम्बन्ध में सीएलटीसी इंजीनियर द्वारा अवगत कराया गया कि 610 लाभार्थियों को नोटिस दिया जा चुका है तथा 03 नगर निकायों में पानी की समस्या है, जिस कारण लगभग 400 आवासों पर कार्य नहीं हो पा रहा है। निर्देश दिये गये कि नगर आयुक्त से अनुरोध कर लें कि जहां पर पानी की टंकी है, वहां से टैंकर भरकर सप्लाई कराये तथा कार्य प्रारम्भ करा दें। नगर आयुक्त की ओर पत्र भेजने हेतु निर्देशित किया गया। प्रथम लेवल जिओ टैग के सापेक्ष लम्बित 2405 प्रथम किश्त का भुगतान पात्र लाभार्थियों को 05 दिवस में कराने के निर्देश दिये गये।

17. ललितपुरः—31 मार्च, 2022 तक अवमुक्त द्वितीय किश्त के सापेक्ष लम्बित 1547 रूफ लेवल जिओ टैग के सम्बन्ध में अवगत कराया गया कि गत सप्ताह 1100 जिओ टैग किया गया है। सभी लम्बित जिओ

क्रमशः......5 पर

टैग एक सप्ताह में कराने के निर्देश दिये गये। प्रथम लेवल जिओ टैग के सापेक्ष लम्बित 1149 प्रथम किश्त का भुगतान पात्र लाभार्थियों को 04 दिवस में कराने के निर्देश दिये गये।

18. **सिद्धार्थ नगरः**—31 मार्च, 2022 तक अवमुक्त द्वितीय किश्त के सापेक्ष लम्बित 1539 रूफ लेवल जिओ टैग एक सप्ताह में कराने के निर्देश दिये गये। प्रथम लेवल जिओ टैग के सापेक्ष लम्बित 4139 प्रथम किश्त के सम्बन्ध में अवगत कराया गया कि 1468 लाभार्थियों को भुगतान किया जा चुका है तथा 1000 की पत्रावली तैयार है। वर्तमान में लिमिट समाप्त हो गयी है। लिमिट बढ़ाये जाने हेतु पत्र प्रेषित किया जा चुका है।

19. **संत कबीर नगरः**—31 मार्च, 2022 तक अवमुक्त द्वितीय किश्त के सापेक्ष लम्बित 1472 रूफ लेवल जिओ टैग के सम्बन्ध में अवगत कराया गया कि 246 जिओ टैग मॉडरेशन में है, जिस पर अवशेष 1226 जिओ टैग 05 दिवस में कराने के निर्देश दिये गये। साथ ही प्रतिदिन किये जाने वाले जिओ टैग का मॉडरेशन सायं को कर दिया जाये। प्रथम लेवल जिओ टैग के सापेक्ष लम्बित 5073 प्रथम किश्त के सम्बन्ध में अवगत कराया गया कि 1007 लाभार्थियों का भुगतान 1–2 दिन में कर दिया जायेगा तथा अवशेष की जांच की जा रही है। इसके अतिरिक्त 700 जिओ टैग भी डिलीट किये जाने हैं। निर्देश दिये गये जिओ टैग डिलीट किये जाने हेतु तत्काल पत्र प्रेषित किया जाये एवं अवशेष लाभार्थियों की शीघ्र जांच पूर्ण कराकर सभी पात्र लाभार्थियों को 07 दिवस में प्रथम किश्त का भुगतान कराने के निर्देश दिये गये।

20. **बुलन्दशहरः**—31 मार्च, 2022 तक अवमुक्त द्वितीय किश्त के सापेक्ष लम्बित 1463 रूफ लेवल जिओ टैग के सम्बन्ध में अवगत कराया गया कि कल 74 जिओ टैग कराये गये हैं। एक सप्ताह में जिओ टैग पूर्ण कराने के निर्देश दिये गये।

21. **महाराजगंजः**—31 मार्च, 2022 तक अवमुक्त द्वितीय किश्त के सापेक्ष लम्बित 1339 रूफ लेवल जिओ टैग एक सप्ताह में पूर्ण कराने के निर्देश दिये गये। प्रथम लेवल जिओ टैग के सापेक्ष लम्बित 5330 प्रथम किश्त के सम्बन्ध में अवगत कराया गया कि 1600 का पीपीए तैयार है, परन्तु 3–4 दिन पहले लिमिट समाप्त हो गयी है। निर्देश दिये गये कि लिमिट बढ़ाये जाने हेतु जिलाधिकारी की ओर से पत्र प्रेषित किया जाये।

22. **गोरखपुरः**—31 मार्च, 2022 तक अवमुक्त द्वितीय किश्त के सापेक्ष लम्बित 1275 रूफ लेवल जिओ टैग के सम्बन्ध में अवगत कराया गया कि कल 92 जिओ टैग कराये गये हैं। कार्यरत कर्मियों के सम्बन्ध में अवगत कराया गया कि 32 कर्मी कार्यरत है। 32 कर्मियों द्वारा प्रतिदिन कम से कम 500 जिओ टैग होने चाहिए। वर्तमान में बहुत कम जिओ टैग किया जा रहा है। निर्देश दिये गये कि 20 जून, 2022 तक समस्त लम्बित जिओ टैग पूर्ण किये जाये। प्रथम लेवल जिओ टैग के सापेक्ष लम्बित 1420 प्रथम किश्त का भुगतान पात्र लाभार्थियों को 07 दिवस में कराने के निर्देश दिये गये।

23. **शाहजहांपुरः**—31 मार्च, 2022 तक अवमुक्त द्वितीय किश्त के सापेक्ष लम्बित 1180 रूफ लेवल जिओ टैग के सम्बन्ध में अवगत कराया गया कि 10–12 दिन में समस्त जिओ टैग करा दिये जायेगें। निर्देश दिये गये कि सर्वेयर को जिओ टैग का लक्ष्य आवंटित कर दिया जाये तथा एक सप्ताह में समस्त जिओ टैग पूर्ण करायें।

24. **वाराणसीः**—प्रथम लेवल जिओ टैग के सापेक्ष लम्बित 12550 प्रथम किश्त के सम्बन्ध में अवगत कराया गया कि गूगल शीट पर अपडेट नहीं किया गया है, जिस कारण अधिक दिखायी दे रहा है। वर्तमान में लगभग 7000 का भुगतान लम्बित है। निर्देश दिये गये कि 05 दिवस में समस्त पात्र लाभार्थियों को भुगतान कर दिया जाये।

क्रमशः......6 पर

25. मेरठः—प्रथम लेवल जिओ टैग के सापेक्ष, लम्बित 4599 प्रथम किश्त के सम्बन्ध में अवगत कराया गया कि 1670 का पीपीए बैंक जनरेट कर दिया गया है तथा 1699 की केवाईसी फेल हो रही है। 400 की पत्रावली संस्था द्वारा उपलब्ध नहीं करायी गयी है तथा 900 का करटेलमेन्ट किया जाना है। लिमिट समाप्त हो जाने के कारण भुगतान नहीं किया गया था। निर्देश दिये गये कि 10 दिवस में समस्त पात्र लाभार्थियों को प्रथम किश्त का भुगतान करा दिया जाये।

पीमएम स्वनिधिः—

1. सभी शहरों के निर्देशित किया गया कि वेण्डर्स को जारी की गयी नयी यूपीआई आईडी का विवरण निर्धारित प्रारुप पर सूडा, उ0प्र0 को उपलब्ध करायें, ताकि भारत सरकार को भेज कर अपडेशन कराया जा सके एवं अपडेशन के पश्चात् वेण्डर्स को पेनी ड्रॉप कराया जा सके।

2. परिचय बोर्ड वितरण प्रगति, पेटीएम द्वारा एक्टिव किये जा रहे वेण्डर्स एवं नयी यूपीआई आईडी / क्यूआर कोड वितरण की प्रगति से संबंधित तीनों गूगल शीट नियमित रुप से प्रत्येक दिवस अपडेट की जाए।

डे—एनयूएलएमः—

स्वरोजगार कार्यक्रम (एसईपी):—

1. स्वरोजगार कार्यक्रम के अन्तर्गत व्यक्तिगत ऋण, समूह ऋण के 100 दिन के निर्धारित लक्ष्य पूर्ण किये जाने के परिप्रेक्ष्य में समस्त परियोजना अधिकारी एवं शहर मिशन प्रबन्धक की प्रशंसा की गयी। साथ ही निर्देश दिये गये कि इसी तरह का मनोबल बनाये रखते हुए एसएचजी बैंक लिंकेज में भी लक्ष्यों की प्राप्ति दिनांक 15.06.2022 तक पूर्ण कर ली जाए।

2. स्वरोजगार कार्यक्रम के अन्तर्गत एसएचजी बैंक लिंकेज के अन्तर्गत जनपद झांसी, कानपुर देहात, मऊ, की प्रगति मानक के अनुरुप न पाये जाने के कारण संबंधित जनपद के शहर मिशन प्रबन्धकों का माह मई, 2022 का मानदेय रोके जाने के निर्देश प्रदत्त किये गये। प्रयागराज, अयोध्या एवं मुरादाबाद के शहर मिशन प्रबन्धकों द्वारा अवगत कराया गया कि एक सप्ताह में लक्ष्यों की पूर्ति सुनिश्चित कर ली जायेगी।

सामाजिक गतिशीलता एवं संस्थागत विकास (एसएमएण्ड आईडी):—

1. 100 दिवस हेतु आवंटित समूह गठन के लक्ष्य के सापेक्ष में जनप कानपुर, सहारनपुर, शाहजहॉपुर एवं लखनऊ के परियोजना अधिकारियों से लक्ष्य के सापेक्ष अद्यतन प्रगति न पाये जाने के संबंध में पूछे जाने पर परियोजना अधिकारियो द्वारा अवगत कराया गया कि समूहों का गठन हो गया है, अपितु खाता खोला जाना लम्बित है, जो बैंको में आगामी दो सप्ताह में खुलवाकर लक्ष्य की पूर्ति सुनिश्चित की जायेगी। निर्देश दिये गये कि दी गई समय सीमा में लक्ष्य पूर्ण किया जाना सुनिश्चित किया जाए।

2. उक्त के साथ ही समस्त जनपदों को आगामी एक सप्ताह में एसएचजी गठन का लक्ष्य पूर्ण किये जाने के निर्देश दिये गये।

3. रिवाल्विंग फण्ड में लक्ष्य की पूर्ति हेतु समस्त जनपदों को निर्देशित किया गया कि निरन्तर तीव्र गति से समूह गठित कर तीन माह पूर्ण स्वंय सहायता समूहों को रिवाल्विंग फण्ड हेतु पोर्टल पर विशेष प्राथमिकता के आधार पर अपडेट कर रिवाल्विंग फण्ड अवमुक्त कराया जाना सुनिश्चित किया जाए।

प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) में निम्नानुसार अन्य निर्देश दिये गयेः—

1. जनपद भदोही, जौनपुर एवं औरैया की प्रगति रिपोर्ट प्रतिदिन उपलब्ध करायें, जिससे इन जनपदों की प्रतिदिन मॉनिटरिंग की जा सके।

क्रमशः......7 पर

2. प्रत्येक माह के अन्त में लिमिट के सम्बन्ध में डिमांड भेज दी जाये, जिससे आगामी माह के प्रथम सप्ताह में लिमिट निर्धारित की जा सके।
3. 31 मार्च, 2022 तक अवमुक्त द्वितीय किश्त के सापेक्ष लम्बित लिन्टल लेवल एवं रूफ लेवल जिओ एक सप्ताह में पूर्ण करा दिया जाये।
4. समस्त जनपदों द्वारा पात्र लाभार्थियों को नियमानुसार प्रथम एवं द्वितीय किश्त प्राथमिकता के आधार पर अवमुक्त की जाये।
5. समस्त जनपदों द्वारा मार्च, 2022 तक का सर्टिफिकेट तथा अप्रैल, 2022 से मई, 2022 तक का उपयोगिता प्रमाण पत्र हस्ताक्षर कराकर 05 दिवस के अन्दर प्रेषित कर दिया जाये।
6. जनपद आजमगढ़, लखनऊ, मैनपुरी, शाहजहांपुर, उन्नाव, प्रतापगढ़, रायबरेली, बदायूं, गौतमबुद्ध नगर, गोण्डा की प्रथम क्वार्टर में एचएफए एचीव हेतु चयनित निकायों को 10 दिवस में एचएफए एचीव करा दिया जाये।

अन्त में सभी को धन्यवाद ज्ञापनोपरान्त बैठक सम्पन्न हुई।

(जे. रीभा)
निदेशक

संख्याः– 1104 / 01 / तीस / कार्यक्रम–Vol-VIII / 2022–23 दिनांकः– 13 जून, 2022

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. निदेशक / नोडल ऑफिसर (पीएम स्वनिधि), स्थानीय निकाय निदेशालय, उ0प्र0।
2. समस्त जिलाधिकारी / अध्यक्ष, जिला नगरीय विकास अभिकरण, उ0प्र0।
3. समस्त परियोजना निदेशक / सिटी प्रोजेक्ट ऑफिसर, डूडा / सीएमएमयू, उ0प्र0।
4. वित्त नियन्त्रक, सूडा, लखनऊ।
5. कार्यक्रम अधिकारी, सूडा, लखनऊ।
6. समस्त परियोजना अधिकारी, डूडा, उ0प्र0।
7. समस्त एस0एल0टी0सी0 विशेषज्ञ, सूडा, लखनऊ।
8. समस्त एस0एम0एम0, एन0यू0एल0एम0, सूडा, लखनऊ।
9. समस्त सी0एल0टी0सी0, पी0एम0ए0वाई0, उ0प्र0।
10. समस्त डीपीआर / पीएमसी कन्सलटेन्ट्स, प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी)।
11. गार्ड फाईल।

J. Rubha
13/06/2022
(जे. रीभा)
निदेशक